**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 194 /17/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2026/15-परीक्षा/2026**

लखनऊ : दिनांक : 27 अगस्त, 2026

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-15-परीक्षा/2026, विधि विज्ञान प्रयोगशाला (संयुक्त संवर्ग) मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2025)/16 के अंतर्गत कार्यालय विधि विज्ञान प्रयोगशाला, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नियंत्रणाधीन विभिन्न संवर्ग के कुल रिक्त 208 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि 27.07.2026 तथा आयोग के शुद्धि पत्र दिनांक 17.08.2026 द्वारा प्रश्नगत विज्ञापन के अन्तर्गत ऑनलाइन आवेदन/शुल्क जमा/आवेदन सबमिट करने की अन्तिम तिथि 24.08.2026 तक विस्तारित की गयी थी।

अवगत कराना है कि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत विज्ञापित कार्यालय विधि विज्ञान प्रयोगशाला, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नियंत्रणाधीन विभिन्न संवर्ग के कुल रिक्त 208 पदों पर चयन के लिये प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 (Preliminary Eligibility Test-PET-2025) में वास्तविक स्कोर अथवा नार्मलाइज्ड स्कोर में शून्य या उससे कम/नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को पृथक करते हुए प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मा० उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में योजित रिट याचिका संख्या-ए-68706/2015, ललित कुमार प्रति उत्तर प्रदेश राज्य तथा अन्य में मा० उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में वैज्ञानिक सहायक एवं लैब असिस्टेंट (प्रयोगशाला सहायक) के कुल रिक्त 208 पदों के सापेक्ष मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट 6226 अभ्यर्थियों का परिणाम एवं कट-आफ अंक मा० आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया है। तदनुसार लम्बवत आरक्षण के अंतर्गत अनारक्षित श्रेणी, अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग श्रेणी हेतु कट-आफ 74.08 अंक तथा अनुसूचित जाति श्रेणी हेतु कट-आफ 69.63 अंक व अनुसूचित जनजाति श्रेणी हेतु कट-आफ 50.07 अंक निर्धारित हुआ है एवं क्षैतिज आरक्षण के अंतर्गत निर्धारित कट-आफ अंक निम्नवत है-

| क्र0सं0 | क्षैतिज श्रेणी | | कट-ऑफ अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित | | 62.62 |
| 2 | दिव्यांगजन | O.L. | 50.10 |
| | | Dw. | 29.20 |
| | | A.A.V. | 07.00 |
| 3 | सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक | | 46.57 |
| 4 | महिला | | 72.22 |
| 5 | उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु | | 59.23 |

उक्त के क्रम में विज्ञापन संख्या-15-परीक्षा/2026, विधि विज्ञान प्रयोगशाला (संयुक्त संवर्ग) मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2025)/16 के सापेक्ष ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों में से प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 (Preliminary Eligibility Test-PET-2025) के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट हो रहे कुल 6226 अभ्यर्थियों का परिणाम आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध उक्त परिणाम से सम्बन्धित लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

27.8.26

(हरिकेश चौरसिया)

सचिव।